राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–87/2024

राज्यपाल ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकी हमले में बिहार के श्रमिक राजा शाह की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 18 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुए आतंकी हमले में बिहार के बांका जिले के रहनेवाले श्रमिक राजा शाह की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने कहा है कि यह घटना अत्यन्त दुःखद एवं निन्दनीय है। उन्होंने मृतक के परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....